# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

## 32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, Email- bseapatna@gmail.com, वेबसाईट : https://bsea.bihar.gov.in

पत्रांक : नि० प्रा०/नि० 1-14/2024 2021 /पटना, दिनांक 13/11/2024

प्रेषक,

पुरूषोत्तम पासवान, भा०प्र०से०
सचिव।

महत्वपूर्ण

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०),
सभी उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स०स०),
सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी -सह- उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०),
सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०)।

विषय : **पैक्स निर्वाचन हेतु सामान्य कोटि के सदस्य पद के लिए नारंगी रंग के विकल्प में पीला रंग के कागज में मतपत्र के मुद्रण के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कतिपय जिला से पैक्स निर्वाचन हेतु सामान्य कोटि के सदस्य पद के लिए मतपत्र मुद्रण हेतु नारंगी रंग के 60-65 GSM में कागज के अनुपलब्धता के संदर्भ में प्राधिकार को अवगत कराया गया है। विदित हो कि सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका (20 सितम्बर, 2024 तक संशोधित) में सामान्य कोटि के सदस्य पद के लिए मतपत्र का रंग नारंगी निर्धारित किया गया है।

अत: विचारोपरांत पैक्स निर्वाचन हेतु सामान्य कोटि के सदस्य पद के लिए मतपत्र के कागज का रंग **"नारंगी"** यदि नहीं उपलब्ध हो तो विकल्प के रूप में **"पीला"** कागज का प्रयोग किया जा सकता है। यह केवल वैकल्पिक व्यवस्था होगी और आवश्यकता पड़ने पर ही इस विकल्प का प्रयोग किया जाएगा।

अनुरोध है कि उक्त आलोक में कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक: 2021 /पटना, दिनांक 13/11/2024

प्रतिलिपि: सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियॉ, बिहार, पटना/ प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉ/ प्रबंध निदेशक, कम्फेड, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

BSEA.dt 12.11.2024 Rajesh